राष्ट्र के समग्र विकास को गति देने वाला है केंद्रीय बजट

कामयाब कलम, जयपुर

अरुण मिश्रा–सीईओ, हिंदुस्तान जिंक ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट राष्ट्र के समग्र विकास को गति देने वाला है, इंफ्रास्टक्चर पर खर्च के लिए बढ़ाया गया व्यय भारत के इंफ्रास्टक्चर के विकास में नए युग का प्रतीक है जो निस्संदेह अन्य क्षेत्रों को भी गति प्रदान करेगा। 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से राज्यों को सहायता और 1 लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष का निर्माण मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए नई तकनीकों को विकसित करने और नवाचार में निवेश करने का अवसर प्रदान करेगा। एयरपोर्टस, पोर्ट्स और ग्रीनफील्ड विकास का आधुनिकीकरण भारत के इंफ्रास्टक्चर को और मजबूत करता है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार और जीडीपी वृद्धि दोनों को बढ़ावा मिलेगा है। बजट में पेश किए गए खनन सुधार भारत को महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में प्रमुखता से स्थापित करेगें। सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, छोटे खनिजों के लिए स्टेट माइनिंग इंडेक्स को संस्थागत बनाना और टेलिंग से महत्वपूर्ण खनिजों की वसूली के लिए नीति उद्योग में सर्कुलेटरी और इनोवेशन को सक्षम करेगी। जैसे–जैसे देश लो कार्बन इकॉनोमी की ओर बढ़ेंगा, ये खनिज महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसमें धातु इस बदलाव का आधार बनेगी। नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा और एमएसएमई को ऋण और निर्यात सहायता तक पहुंच प्रदान करने के उपायों से मजबूत घरेलू उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा जिसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत किया जाएगा। भारत के सबसे बड़े और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े एकीकृत जस्ता–सीसा उत्पादक के रूप में, हम इन पहलों के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में आशावादी हैं जो भारत के महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएंगे और साथ ही इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग और रिन्यूएबल एनर्जी भंडारण जैसे उद्योगों का सहयोग करेंगे।

अरुण मिश्रा–सीईओ, हिंदुस्तान जिंक

आम आदमी को राहत देने वाला बजट : सैनी